# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

# प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Ambala **Year (वर्ष):** 2025

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0024 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 22/07/2025 18:51 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 308(3) |
| 2 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 318(4) |
| 3 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 336(3) |
| 4 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 337 |
| 5 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 340 |
| 6 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 61 |
| 7 | THE PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(1) |
| 8 | THE PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 13(2) |
| 9 | THE PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 22/07/2025 **Time (समय):** 18:51 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 014 **Date and Time (दिनांक और समय):** 22/07/2025 18:51 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH, 25 Km (s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):**

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

**6. Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

**(a) Name (नाम):** निरीक्षक प्रवीन कुमार

**(b) Father's/Husband's Name (पिता/पति का नाम):**

**(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1973 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

**(e) UID No. (यूआईडी सं.):**

**(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

**(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

**(h) Occupation (व्यवसाय):**

**(i) Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **SV AND ACB AMBALA, AMBALA, ACB, Ambala, Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **SV AND ACB AMBALA, AMBALA, ACB, Ambala, Anti Corruption Bureau, Haryana, HARYANA, INDIA** |

**(j) Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9996711100

**7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विरेन्द्र चौधरी HCS | | | 1. MD,Suger Mills,Shahbad,KURUKSHETRA,HARYANA,INDIA |
| 2 | निदेशक मण्डल के सदस्यो | | | 1. Suger Mills,Shahbad,KURUKSHETRA,HARYANA,INDIA |
| 3 | Ms Pawan Envirornmental Services Bijnor. U.P. | | | 1. Bijnor UP,BIJNOR,UTTAR PRADESH,INDIA |
| 4 | Ms Kush Engineering works Shahabad Markanda | | | 1. Shahabad Markanda,KURUKSHETRA,HARYANA,INDIA |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**10.** **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

**11.** **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12.** **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

श्री मान जी, नकल तहरीर निम्न प्रकार से है-

सेवा में,
थाना प्रबन्धक,
राज्य सतर्कता एवम भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
अम्बाला मण्डल, अम्बाला।

श्रीमान जी,

निवेदन है कि दिनांक 18.07.2025 को कार्यालय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य सतर्कता एवम भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हरियाणा, पंचकूला का एक पत्र क्रमांक 13756/Secret/ACB(H) दिनांक पंचकूला, 16.07.2025 विषय Additional Commissioner, Kurukshetra की Comprehensive enquiry report के आधार पर श्री विरेन्द्र चौधरी, HCS the then MD, Suger Mills, Shahbadके विरुध आवश्यक कार्यवाही करने हेतू Chief Secretary to Government Haryana, Vigilance Department हरियाणा, पंचकूला के मैमो नम्बर 11/12/2025-I VII dated 08.07.2025 की छायाप्रति मय सम्बन्धित दस्तावेज सहित प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतू प्राप्त हुई है । मुख्य सचिव कार्यालय के उपरोक्त पत्र के अनुसार इस मामले की तफतीस के लिए राज्य सतर्कता एवम भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को भेजा गया है । श्री विनीत कुमार, उपमुख्य रसायन विद (निलम्बित) वासी थ्री रुम सैट-16, शुगर मिल कालोनी शाहबाद मारकण्डा, मो.न. 82953-53869 ने दिनांक 25.10.2024 को एक शिकायत माननीय मुख्यमन्त्री, हरियाणा सरकार को दी थी जो इस प्रकार है, " माननीय मुख्यमन्त्री जी, हरियाणा सरकार, विषय- शाहबाद सरकारी चीनी मिल में करोडो रुपये के रिपेयर एंड मेंटेनेंस के टेंडर सख्या 2024-HBC-404892-1 और टेंडर सख्या 2024-HBC-404917-1 की गलत टेक्निकल बिड पास करने के सम्बन्ध में, महोदय जी, निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी शाहबाद सहकारी चीनी मिल, शाहबाद मारकंडा में उपमुख्य रसायन विद के पद पर कार्यरत है दिनांक 24 अक्तूबर 2024 को होने वाली शाहबाद सहकारी चीनी मिल की निदेशक मंडल की बैठक में रखे गए एजेंडा आइटम नम्बर 11 एवं 13 की तकनीकी बिड खोलने के लिए 23 अक्तूबर 2024 को शाम 5.00 बजे जबरदस्ती नोटिंग पर अन्य अधिकारियो के साथ-साथ मेरे और उपमुख्य अभियन्ता (मैकेनिकल) के हस्ताक्षर कराए गए, जबकि एजेंडा आइटम सख्या 11 मे 02 टेंडर प्राप्त हुए थे तथा एजेंडा आइटम नम्बर 13 में 01 टेंडर प्राप्त हुआ था। जबकि तीन टेंडर से कम प्राप्त टेंडर को रिटेंडर करने का निर्णय लिया जाता है और कार्य अत्यन्त आवश्यक होत तो बिड खोलने का निर्णय बोर्ड आफ डायरेक्टर की मिटिंग के दौरान होता है, बोर्ड का डायरेक्टर की मिटिंग दिनांक 24.10.2024 को होनी थी, दिनांक 24 अक्तूबर 2024 को लगभग 10.50 सुबह प्रबन्ध निदेशक के पी.ए. प्रदीप कुमार के माध्यम से उप मुख्य अभियन्ता मैकेनिकल के पास फोन आता है कि प्रबंध निदेशक साहब का आदेश है कि आपको तथा उप मुख्य रसायन विद को डायरेक्टर रुम मे बैठना है जब आपकी जरुरत होगी तो आपको निदेशक मंडल की चल रही मीटिंग मे बुला लिया जाएगा, दोपहर12.30के आस पास हमें टेंडर सख्या, टेंडर सख्या की टेक्निकल बिड पास करने के लिए कहा जाता है जबकि मेरे द्वारा तथा उपमुख्य अभियन्ता मैकेनिकल के द्वारा इन दोनो टेंडरो की सम्बन्धित पार्टियो द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड टेक्निकल बिड के अवलोकन उपरान्त पाया गया कि टेंडर सख्या 2024-HBC-404919-1 के लिए पार्टी का नाम मै. पवन इंटरप्राईजेज सर्विसेज, बिजनौर द्वारा टेक्निकल बिड के साथ लगाए हुए

दस्तावेज मिल द्वारा इस टेंडर के लिए मांगे गए तकनीकी दस्तावेजो की शर्त के अनुसार पूरे नही है एवम टेंडर सख्या 2024-HBC-404892-1 के लिए पार्टी का नाम मै. कुश इंजीनियरिंग, शाहबाद मारकंडा द्वारा टेक्निकल बिड के साथ लगाए हुए दस्तावेज, हरियाणा सरकार के आदेशानुसार इस टेंडर के लिए मांगे गए तकनीकी दस्तावेजो की शर्त के अनुसार पुरे नही है, इसलिए हमारे द्वारा दोनो टेंडर रिजेक्ट कर दिए गए, जिसके साक्ष्य हमारे पास भी है और दोबारा रिजेक्ट टेंडर को स्वीकार किया गया, इस पार्टी का टेंडर पानीपत सहकारी चीनी मिल, रोहतक सहकारी चीनी मिल मे पहले भी रिजेक्ट हो चुका है। दोनो पार्टियो का टेक्निकल बिड से सम्बन्धित सारणी इस प्रकार है- Name of party Agenda no. Tender ID M/s Pawan Envirornmental Services, Bijnor. (U.P.) Agenda item-11Tender ID 2024_HBC_404917_1 Document to be uploaded for technical Bid eligibility criteria as per Haryana Government guidelines As per condition no.8 of tender eligibiltiy- In case of unregistered supplier/firm. It must submit proof of repeat orders of same job/work to atleast 02 standard sugar mills/Any co-operative sugar mills of haryana for two years during the last five years, supporting documents in upport of the same is to beattaced. Copy of repeat order is to be attached. Copy of repeat order is to be attached. Document uploaded by the party for Technical Bid operation. Rejection reasori-Party not submit the proof of repeat orders of same job/work to atleast 02 standard sugar mills/Any co-operative sugar mills of haryana for two years during the last five years.

M/s Kush Engineering works, Shahabad Markanda Agenda item-13 Tender ID-2024_HBC_404892_11. prospective bidder/tenderer should have atleast 2 years experience in same or two sugar mills of complete repair and maintenance of 3500 TCD and above sugar mills having 16 MW above Cogen. "Units during the last five years (l.e. 2019-20 to 2023-24) Or rospective bidder/ tenderer should have atleast 2 years experience in same or two working sugar mills of 3500 TCD above having 16 MW above cogen units of atleast three sections amongst the following five sections during the last five years (ie d 2019-20 to 2023-24 a) Mill house (b) Boiler c)Turbine/Cogen/Switchyard d)Electrical/Instrumentation e) Boiling house Required documents a) Copy of required work order b)RT(8C) of the mill/mills issuing work order. c) The performance certificate duly signed by the head of the unit and must satisfy atleast three out of five parameters mentioned below: 1.Capacity utilization-90% and above except no cane or bad weather, 2. Total losses 2% 3.(a) Bagasse pol 2%, (b)Moisture bagasse 50% 4.Steam consumption 42% for cogen unit and 50% for non cogen units 5. Final Molasses purity31% Or 3. In case of Consortium or Joint Venture - No member applying Individually or as a member consortium, as the case may be,can be a member of another consortium. Maximum three members can. form a consortium. In case of consortium,each member should have atleast 24% share in the consortium with lead member share of atleast 51% and every consortium member should have experience of repair, maintenance and operation of atleast one different section as required in the terms and conditions of tender document l.e a.Mill b.Boller c. Turbine d. Boiling house Lead member shall be responsible for achieving the performance parameters and other terms and condition of tender. No change in lead member is allowed during the contract period and Mills shall only communicate with lead member for all Intent and purposes. The term bidder used herein would apply to both a single entity and a consortium Propspect bidder/bloders should have atleast two years experience in same or two Sugar Mills of repair and maintenance operation of 3500 TCD above sugar Mill having 16 MW and above working sugar mill plant of atleast three sections amongst the following four sections during the last five years (i,e from 2019-20 to 2023-24) with following performance param ters For Co-genie 1.Mill house 1.Capacity Utilization-90% or above 2.Bagasse pol-less than 2% 3. Moisture Bagasse50% 2.Boiler 1.Capacity utilization-90% or above 2.Steam fuel ratlo should be between 2.2 to 2.4 3. Turbine 1. Capacity utilization-90% or above 2.Specific steamconsumption (ton/MW) should be less than 5.6ton/MW. 4. Boiling House 1.Capacity Utilization-90% or above 2.Final Molasses purity≤31 3.Steam consumtion less than or equal to 42% Required documents a) Copy of require work order b)RT(8C) of the Mill/Mills Issuing work order. c)The performance certificate duly signed by the head of the unit. 1.Party(R.A. Contractor) submitted the The performance certificate signed by Authorized signatory I.e. Group Sr. VP (Ashok Singh) which working in H.R. department in head office of wave industries instead signed by the unit head of the Dhanaura unit sugar mill wave industries. 2. Party not submitted the detailed work order. 3. Party submitted the some documents of wave industries of Bulandshahar unit, which is the non-cogen Plant.

इसलिए दोनो टेंडरो को टेक्निकल कंडीशन पूरी ना होने के कारण मेरे और उपमुख्य अभियन्ता मैकेनिकल द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया था।मीटिंग के दौरान टेंडर पास करने के लिए दबाव बनाया गया, परन्तु हमारे द्वारा टेक्निकल रिजेक्टेड पार्टियो के टेंडर पास करने से मना कर दिया गया था, जिसके कारण टेक्निकल बिड रिजेक्ट करने के थोडी देर बाद ही प्रार्थी को मिल हित मे काम करने का ईनाम देते हुए टेंडर रिजेक्ट करने के एवज मे निलम्बित कर दिया जाता है। अब मेरी जानकारी मे आया है कि दोनो टेंडर रिजेक्ट करने के बाद भी टेंडर पास करते हुए रिजेक्टेड पार्टियो को टेंडर का कार्य दे दिया गया है जिसमे ना सिर्फ हमारे साथ गलत हुआ है आने वाले पिराई सत्र मे मिल चलाने मे भी दिक्कत का सामना करना पड सकता है। इसके साथ साथ मैं यह भी अवगत कराना चाहता हूं एजेन्डा नम्बर 13 से लगभग 80 लाख रुपये का कार्य अलग कर मैं. पी.ए.ई. कन्ट्रोल नोएडा तथा आईटी सॉल्यूशन फरीदाबाद को दिया गया, यदि यह कार्य एजेन्डा नम्बर 13 से अलग ना किया जाता और यह कार्य उपरोक्त टेंडर के साथ सलग्न होता तो इससे मिल को फाइनेशियल बचत के साथ साथ मिल की परफार्मेस भी एक ही कॉन्टैक्टर के हाथ मे होती, जबकि अन्य सहकारी चीनी मिल जैसे पानीपत, करनाल नही मिल की मरम्मत, रखरखाव एवम संचालन के लिए एक ही टेंडर किया है। इसलिए मेरा आपसे अनुरोध है कि दोनो टेंडर की अनुमानित लागत लगभग 13 करोड

रुपये है इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए उपरोक्त दोनो गलत पास किए गए टेंडरो की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाये तथा दोषियो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाई अमल मे लाई जाए। Sd विनीत कुमार, उपमुख्य रसायन विद (निलम्बित) वासी थ्री रुम सैट-16, शुगर मिल कालोनी शाहबाद मारकण्डा, मो.न. 82953-53869, इस शिकायत की जांच करने के लिए कार्यालय उपायुक्त कुरुक्षेत्र के द्वारा पृ. क्रमांक 2747/सीईए, दिनांक 22.01.2025 के अनुसार एक जांच कमेटी गठित की थी जिसमे अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र को अध्यक्ष, उपमण्डल अधिकारी (नागरिक) थानेसर तथा लेखा अधिकारी कार्यालय उपायुक्त कुरुक्षेत्र को सदस्य बनाया गया था। जो जांच कमेटी द्वारा अपनी अन्तिम रिपोर्ट क्रमांक 5063 दिनांक 25.04.2025 के माध्यम से उपायुक्त कुरुक्षेत्र को प्रस्तुत की है, जो जांच कमेटी अध्यक्ष अतिरिक्त उपायुक्त, कुरुक्षेत्र द्वारा अपनी अन्तिम रिपोर्ट में पाया कि उपरोक्त दोनो निविदाओ सख्या 2024-HBC-404917-1 व 2024-HBC-404892-1में चीनी मिल के प्रबन्ध निदेशक(एमडी) की देखरेख में तकनीकी पात्रता समिति ने भाग लेनी वाली उपरोक्त दोनो फर्मो की तकनीकी पात्रता को मन्जूरी दी। प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि दोनो फर्म तकनीकी पात्रता के लिए निर्धारित मापदण्डो को पूरा नही करती थी, फिर भी उन्हे तकनीकी पात्रता समिति द्वारा अनुमोदित किया गया था, चूँकि यह प्रकिया चीनी मिल के प्रबन्ध निदेशक द्वारा देखी गई थी इसलिए इस मामले मे उनकी मिलीभगत से इन्कार नही किया जा सकता। इसके अतिरिक्त शाहबाद चीनी मिल के निदेशक मंडल के कई सदस्य, जिन्होने उच्च अधिकारियो के समक्ष अपनी चिताँए व्यक्त किए बिना निविदाओ का अनुमोदन किया था, भी जिम्मेदारी साझा करते प्रतीत होते है। इसके ईलावा निविदा सख्या 2024-HBC-404917-1से सम्बन्धित वित्तीय बोली के मूल्याकन मे गंभीर अनियमतितताए पाई गई। बोलीदाता को L-1 के रुप में गलत पदनाम देना और निर्धारित बातचीत प्रकियाओ का पालन न करना, प्रबन्ध निदेशक, चीनी मिल शाहबाद की देखरेख मे कार्यरत अनुमोदन समिति की ओर से संभावित दुर्भावनापूर्ण इरादे का संकेत देता है। इसके अतिरिक्त उपरोक्त निविदा के लिए तकनीकी पात्रता के मुल्याकन के दौरान उचित प्रकिया के अभाव के बारे मे चिन्ता व्यक्त करने के लिए उप मुख्य रसायनज्ञ श्री विनित कुमार को निलम्बित करना समिति के सदस्यो की वैध और वैध असहमति को दबाने के प्रयास दर्शाता है।

श्री विनीत कुमार, उपमुख्य रसायन विद (निलम्बित) वासी थ्री रुम सैट-16, शुगर मिल कालोनी शाहबाद मारकण्डा की शिकायत व अतिरिक्त उपायुक्त कुरुक्षेत्र के पत्र क्रमांक 5063 दिनांक 25.04.2025 के अवलोकन से करने पर प्रथम दृष्टया से पाया गया कि श्री विरेन्द्र चौधरी, HCS the then MD, Suger Mills, Shahbad और निदेशक मण्डल के सदस्यो के द्वारा M/s Pawan Envirornmental Services, Bijnor. (U.P.)को निविदा सख्या 2024-HBC-404917-1 तथा M/s Kush Engineering works, Shahabad Markanda को निविदा सख्या 2024-HBC-404892-1 मेत कनीकी पात्रता के लिए निर्धारित मापदण्डो को पूरा न करने पर भी अनुमोदितकिया जाना पाया गया है। विरेन्द्र चौधरी, HCS the then MD, Suger Mills, Shahbad ने अपने पद का दुरुपयोग न केवल निविदा प्रकिया की सत्यनिष्ठा मे हस्तक्षेप करने के लिए किया जाना पाया गया तथा सी.एम. विन्डो नम्बर CMOFF/N/2024/105464 dated 28.10.2024 की जांच में तथ्यो के साथ घोर छेडछाड और तोड मरोड करके सी.एम. विन्डो पोर्टल की पवित्रता को कमजोर करना पाया जाने पर विरेन्द्र चौधरी, HCS the then MD, Suger Mills, Shahbad , निदेशक मण्डल के सदस्यो, Suger Mills, Shahbad, M/s Pawan Envirornmental Services, Bijnor. (U.P.) व M/s Kush Engineering works, Shahabad Markanda के विरुध धाराधीन 308(3), 318(4), 336(3), 337, 340 (2), 61(2) BNS 7,13(1) r/w 13(2) PC Act 1988 के अन्तर्गत अभियोग अकिंत करने के लिए लेख, मय जांच रिपोर्ट पेज सख्या 1 से 298 तक प्रबन्धक अफसर थाना, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल, अम्बाला को प्रस्तुत है।मुख्य सचिव कार्यालय के पत्र क्रमाकं 11/12/2025-1VII दिनांक 08.07.2025 के अनुसार इस मामले की तफतीस की अनुमति प्राप्त हो चुकी है जिस पर अभियोग अकिंत करके प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां बतौर स्पेशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रैट कुरुक्षेत्र व उच्च अधिकारियो की सेवा मे भिजवाई जाये। उच्चाधिकारियो के आदेशानुसार अभियोग अकिंत करके नकल मिशल मय असल लेख अगामी अनुसन्धान के लिए अन्य सक्षम अधिकारी के पास भिजवाई जाये तथा अनुसन्धान के दौरान अन्य किसी भी अधिकारी एवम कर्मचारी की सलिप्तता पाई जाने पर नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जाये।

अज- थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल, अम्बाला।

(प्रवीण कुमार )
निरीक्षक,
राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
उपकेन्द्र, कुरुक्षेत्र।

दिनांक 22.07.2025
समयः 4.15 पी.एम.

अज थाना- इस समय एक टाईप शुदा तहरीर निरीक्षक प्रवीण कुमार राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,उपकेन्द्र, कुरुक्षेत्र। बर खिलाफ विरेन्द्र चौधरी, HCS the then MD, Suger Mills, Shahbad, निदेशक मण्डल के सदस्यो Suger Mills, Shahbad, M/s Pawan Envirornmental Services, Bijnor. (U.P.) व M/s Kush Engineering works, Shahabad Markanda के विरुध अपराध बा जूर्म 308(3), 318(4), 336(3), 337, 340 (2), 61(2) BNS 7,13(1) r/w 13(2) PC Act 1988 का होना पाया जाने की तहरीर थाना मे प्राप्त होने पर मुकदमा न. 24 दिनांक 22.07.2025 धाराधीन 308(3), 318(4), 336(3), 337, 340 (2), 61(2) BNS 7,13(1) r/w 13(2) PC Act 1988 थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अम्बाला दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट की स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रैट साहब कुरुक्षेत्र की सेवा मे बजरीया ई-मेल व सम्बन्धित उच्चाधिकारीगण की सेवा मे बजरिया डाक भिजवाई जाएंगी। यह अभियोग निरीक्षक पवन कुमार निरीक्षक भ्र0नि0ब्यूरो अम्बाला की हाजिरी मे दर्ज किया जा रहा है। नकल मिसल पुलिस मय असल तहरीर मय रिकार्ड हवाले हस्ब आदेश अफसरानबाला आगामी अनुसंधान हेतू निजद उप पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अम्बाला किया जा रहा है। ईन्द्राज रिकार्ड थाना विधिनुसार किया गया।

**13.** **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही :** चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद **सं.** 2 में उल्लेख धारा के तहत है.**):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** Om Prakash (Dy. SP (Deputy Superintendant of Police))/HPS **or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** **Rank (पद):**

**No. (सं.):** **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** Om Prakash

**14.**

**Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**No. (सं.):** HPS

**15.** **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

Error: Subreport could not be shown.